सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-45
23/01/2018

स्व0 सत्येन्द्र नारायण सिंह कुशवाहा के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुये मुख्यमंत्री, परिजनों को दी सांत्वना

पटना, 23 जनवरी 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज पटना सिटी जाकर स्व0 सत्येंद्र नारायण सिंह कुशवाहा के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने स्व0 सत्येंद्र नारायण सिंह कुशवाहा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर मुख्यमंत्री ने सांत्वना दी। नखास मंगल अखाड़ा, पटना सिटी स्थित नारायण भवन में श्राद्ध कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुँचे मुख्यमंत्री ने अपना शोक संदेश भी रजिस्टर में दर्ज किया। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में लिखा कि सत्येंद्र कुशवाहा जी के निधन से उन्हें काफी दुख हुआ है। वे बहुत ही सक्रिय समाजसेवी एवं राजनैतिक व्यक्ति थे। कृषि के क्षेत्र में उनकी काफी दिलचस्पी थी। उनसे बातचीत का कई बार अवसर मिला था, उनके प्रति मैं अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

इस अवसर पर पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री विनोद नारायण झा, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, भवन निर्माण मंत्री श्री महेश्वर हजारी, पर्यटन मंत्री श्री प्रमोद कुमार, विधान पार्षद श्री संजय सिंह उर्फ गाँधी जी, जिलाधिकारी श्री कुमार रवि, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मनु महाराज सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******